आए है श्याम तेरे दर पे मोरछड़ी लहरा दो भजन लिरिक्स

आए है श्याम तेरे दर पे,
मोरछड़ी लहरा दो,
मोरछड़ी लहरा दो।bd।

तर्ज – भर दे रे श्याम झोली।

तूने प्रेम की बाँधी डोर है,
हम प्रेमी है पागल तुम्हारे,
चले आते खींचे हम तो,
तू करता है जब जब इशारे,
थोड़ी सी प्रेम की परिभाषा,
हमको भी सिखला दो,
आये है श्याम तेरे दर पे,
मोरछड़ी लहरा दो,
मोरछड़ी लहरा दो।bd।

हम तो बाबा मुश्किलों में,
याद करते तुझे हम बुलाते,
आते हो तुम मोरछड़ी को,
अपने भक्तो के सर पे घुमाते,
आज तो बाबा मोरछड़ी की,
सकलाई दिखला दो,
आये है श्याम तेरे दर पे,
मोरछड़ी लहरा दो,
मोरछड़ी लहरा दो।bd।

मोरछड़ी की ऐसी माया,
सारे संकट हमारे मिटाए,
वारे न्यारे हो जाते है,
जिनके सर पे ये फिर जाए,
'चोखानी' सर को झुकाए बैठा,
झाड़ा तो लगवा दो,
आये है श्याम तेरे दर पे,
मोरछड़ी लहरा दो,
मोरछड़ी लहरा दो।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

आए है श्याम तेरे दर पे,
मोरछड़ी लहरा दो,
मोरछड़ी लहरा दो।bd।

Singer – Ravi Rajasthani

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com